# करचाली बांधका जीर्णोद्धार




करचाली बांध भंडरिया प्रखंड में है. इसका निर्माण रंका के राजा द्वारा 1956-57 में किया गया था. . इस बांध का डूब क्षेत्र लगभग एकड़ है. इस बांध से ग्राम करचाली एवं अन्य चार गांव के 1000 किसानो के लगभग 4000 एकड़ में सिचाई होता था. पर धीरे धीरे इसमें सिल्ट जामा होने से जल धारण क्षमता कम हो गई. इसमें लगभग 7 फिट शिल्ट जामा हो गया. यह जल्द ही सुख जाता था. पटवन क्षेत्र काफी कम हो गया. खरीफ के बाद रवि फसल के लिए जो पानी मिलता था वह नहीं मिलने लगा. जब नीति आयोग समर्थित जल निकायों का जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट के बारे में विकास सहयोग केंद्र संस्था द्वारा ग्रामीणों को बताया गया तो सभी लोग करचाली बांध के जीर्णोद्धार के लिए तैयार हो गये. जिला प्रशासन ने 2023 में यहाँ 5 यूनिट के लिए स्वीकृति प्रदान किया. गांव में पानी पंचायत का गठन हुआ. इसमें जैसे ही पानी पंचायत के कार्य शुरू कराया गया शिल्ट ले जाने के लिए होड़ लग गया. शुरुआत में एक जे सी बी मशीन लगा था. इससे शिल्ट के मांग के पूर्ति नहीं हो पा रहा था. तब तीन जे सी बी मशीन लगवाया गया . प्रतिदिन 17 ट्रॉली के माध्यम से किसान शिल्ट अपने खेतों में अपने खर्च पर ले जाने लगे. देखते ही देखते पांचो यूनिट का काम पूरा हो गया. अब इसमें 5 करोड लीटर पानी ज्यादा मिलेगा.किसानो का कहना कीहमने सोचा नहीं था कि इसका जिर्णोद्धार होगा. अब हमें फसलों के लिए भरपूर पानी भी मिलेगा और शिल्ट को खेत में डालने से पैदवार में वृद्धि भी होगी.